प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरू नानक जयंती– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से गुरू नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने का किया आह्वान।
- 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला संपन्न– राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने देव पालकियों को परम्परा अनुसार दी विदाई।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय योगदान देने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरोमणि अकाली दल के एन.डी.ए. में शामिल होने पर जताई खुशी।

गुरू नानक जयंती

सिक्खों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी की जयंती आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों विशेषकर सिक्ख समुदाय को गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी ने पूरी मानवता को शांति, सौहार्द, भाईचारे और आध्यात्मिकता का संदेश दिया था।

राज्यपाल–जयंती

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सोलन के सपरून स्थित गुरूद्वारे में शीश नवाया और सभी के भले की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल ने लोगों से गुरूनानक देव जी की शिक्षाओं और उपदेश को अपनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी ने सम्पूर्ण संसार के लिए भाईचारे व मानवता का संदेश दिया था।

इधर, शिमला के मुख्य गुरूद्वारा साहिब में भी सुबह से ही विशेष शबद कीर्तन कार्यक्रम चलता रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। रागी जत्थों ने शबद–कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरूद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने बताया कि लंगर की परम्परा पहली पातशाही ने शुरू की थी जो सेवा व समानता का प्रतीक है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शिमला के मुख्य गुरूद्वारा साहिब में शीष नवाया और शबद–कीर्तन का आनन्द लिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने शिरोमणी अकाली दल के आज एन.डी.ए. में शामिल होने पर खुशी जताई और कहा कि ये पंजाब और देश के लिए अच्छी खबर है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा और शिरोमणी अकाली दल मिलकर पड़ोसी राज्य पंजाब में नशे के खात्मे के लिए कार्य करेंगे।

रेणुका मेला

सिरमौर ज़िले में 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला आज संपन्न हो गया। समापन अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने देव पालकियों को परम्परा अनुसार विदाई दी और भगवान परशुराम की पालकी को कंधा दिया। इस दौरान ढोल–नगाड़ों की थाप पर पूरी रेणुका घाटी भगवान परशुराम व माता रेणुका के जयकारों से गूंज उठी। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल के लोगों की देवी–देवताओं में प्रगाढ़ आस्था है और वे विकास के साथ–साथ अपनी परम्पराओं को पूरी श्रद्धा से निभा रहे हैं।

इस मौके पर सांसद सुरेश कश्यप, स्थानीय विधायक विनय कुमार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों से अपना सक्रिय योगदान देने का आहवान किया है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में राज्य में एन.डी.पी.एस. एक्ट

के तहत 7 हजार 9 सौ 50 मामले दर्ज कर 12 हजार से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक हजार 3 सौ 84 किलोग्राम चरस और 59 किलोग्राम चिट्टा सहित बड़ी मात्रा में अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित लगभग 92 करोड़ रूपए की सम्पत्तियां जब्त की हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के नावर क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कुठाड़ी में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के तहत लगभग साढ़े 8 सौ करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं और इलाके में अब तक 2 सौ 9 सड़कों की सफल पासिंग की गई है। रोहित ठाकुर ने नाबार्ड के तहत 7 करोड़ 60 लाख रूपए से बन रही उमला– डवार–गाहलून–कड़ीवन संपर्क सड़क का निरीक्षण भी किया।

भाजयुमो प्रदर्शन

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा विधानसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा और शिमला जिला भाजपा ने आज शिमला में विरोध प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का–मुक्की भी हुई। भाजयुमो के राज्य महासचिव सुशील कदशोली ने कहा कि जगत सिंह नेगी ने भारतीय सेना का अपमान किया है और इसके लिए उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम, अंग्रेज़ी माध्यम और आधुनिक तकनीक से शिक्षा पद्धति सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने आज बिलासपुर ज़िले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मरहाणा के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं और साढ़े 8 सौ से अधिक शिक्षण संस्थानों को इंस्टीट्यूशंस ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है।

बाद में राजेश धर्माणी ने कुठेड़ा में अंडर–16 छात्र–छात्राओं की 3 दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 36 टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राजेश धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार 15 दिसम्बर को धर्मशाला से खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत उपमण्डल, ज़िला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरू नानक जयंती– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से गुरू नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने का किया आह्वान।
- 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला संपन्न– राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने देव पालकियों को परम्परा अनुसार दी विदाई।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय योगदान देने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरोमणि अकाली दल के एन.डी.ए. में शामिल होने पर जताई खुशी।